

# सीईओ ने महिला कर्मचारी से की अभद्रता, शिकायत पहुंची महिला आयोग


**महिला कर्मचारी का सीईओ पर गंभीर आरोप**

**सीईओ बोले मैंने कुछ भी गलत नहीं बोला**

( आमिर खान )

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। अपने ही विभाग की महिला कर्मचारी से फोन पर अभद्रता करने के मामले में जनपद पंचायत सीईओ की शिकायत महिला आयोग में की गई है। पीड़ित महिला कर्मचारी ने आरोप लगाया है कि सीईओ ने विभाग के कर्मचारी के नंबर से फोन कर उनके साथ अभद्रता की है, जिससे वह आहत है। इतना ही नहीं पीड़ित महिला ने जनपद सीईओ पर लगातार परेशान करने का भी गंभीर आरोप लगाया है।**

दरअसल पूरा मामला टीकमगढ़ जनपद पंचायत के सीईओ से जुड़ा है। यहां पदस्थ सीईओ मनीष सैंडे पर उनके ही विभाग की महिला कर्मचारी ने गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला कर्मचारी कृष्णा जैन ने कहा कि सीईओ उनके विभाग में पदस्थ




शिवकुमार कुशवाहा के फोन से उनके नंबर पर फोन किया और तकरीबन 3.30 मिनिट पर जनपद सीईओ मनीष सैंडे ने विभाग में पदस्थ ब्लाक कोडिनेटर स्वच्छ भारत मिशन कृष्णा जैन से अभद्रता कर तमाम बातें कहीं।

इस मामले में ब्लाक कोडिनेटर कृष्णा जैन ने बताया है कि आज छुट्टी का दिन था उसके बावजूद भी हम लोग वंदे मातरम वाले प्रोग्राम में गए हुए थे। वहीं से में हॉस्पिटल चली गई, सीईओ सर ने ड्राईवर से फोन करवाया...हॉस्पिटल में फोन पहुंचा कि मैडम आज जिला पंचायत अध्यक्ष महोदया रानीपुरा पंचायत जा रही हैं...। सीईओ सर बोले आप सचिव और जीआरएस को सूचित कर दीजिए और आप भी उपस्थित हों...मैंने जी सर कहके फोन काट दिया। क्योंकि हम हॉस्पिटल में थे। इसके बाद 3.30 बजे के लगभग साहब का फिर फोन आया। वो भी आवास वाले शिवकुमार कुशवाहा जी हैं...उनके फोन से फोन किया। यह अपने फोन से मुझे डायरेक्ट फोन नहीं करते।

इन्होंने मुझसे पूंछा कि क्यों आप रानीपुरा निकल गई क्या। तो मैंने यह बोला नहीं सर आप बताईए मैं किसके साथ जाऊं...। बस मैंने यही दो शब्द बोले आप बताईए मैं किसके साथ जाऊं तो साहब सीधे गालियां देने लगे उल्टा-सीधा बोलने लगे मुझे। आप.......हो। मैंने कहा कि आप बात कैसे कर रहे हैं, तो इन्होंने फोन रख दिया। मेरी गल्ती यही हो गई कि मैं नहीं समझती थी कि साहब उल्टा-सीधा बोलेंगे। मैंने इतना तो साहब से कहा कि आप कैसे बात कर रहे हैं। इस बात को विभाग के कर्मचारी अग्रवाल जी ने भी ग्रुप में स्वीकार किया है। इसका स्क्रीनशॉट भी मेरे पास है। अग्रवाल जी भी यही कह रहे कि साहब ने आपको व्यक्तिगत रूप से यह नहीं कहा।

यह सब साहब ने मेरे से ही कहा है। कोई भी लिखित में एजेंडा नहीं था कि आज कार्यक्रम है। जिला पंचायत अध्यक्ष जी सिर्फ 15 वित्त से होने वाले नाली निर्माणों को देखने जा रही थी। पीड़िता कृष्णा जैन ने महिला आयोग से मांग की है कि एक महिला से इस तरह व्यवहार करने वाले गालीबाज अधिकारी पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए।

**जब से सीईओ साहब आए हैं, तब से परेशान कर रहे**

सीइओ जनपद पंचायत मनीष सैंडे का पर्सनल इंटेनशन मुझे परेशान करना है। यह जिस दिन से आए हैं उस दिन से मुझे व्यक्तिगत रूप से बहुत परेशान करते हैं। इसलिए आज मैंने महिला आयोग में व्यथित होकर शिकायत की है। उन्होंने कहा कि इनका यह रवैये है कि व्यक्तिगत लोगों को परेशान किया जाए। मैं एक महिला हूं और इस तरह के रवैये से बेहद परेशान हूं। मेरा मन व्यथित है। मैं चाहती हूं कि इनको ऐसा करने पर इनके विरुद्ध महिला आयोग जरूर एक्शन ले।

**नवभारत की जनपद सीईओ से सीधी बात..**



**रिपोर्टर...**आपके ही विभाग की महिला कर्मचारी कृष्णा जैन ने आपके विरुद्ध महिला आयोग में शिकायत की है ?

**सीईओ...**किस संबंध में।

**रिपोर्टर...**आप पर आरोप लगाया है कि आपने फोन पर उनसे अभद्रता की और उन्हें परेशान करते हैं ?

**सीईओ...**नहीं...नहीं...। कोई बात नहीं हुई इस टाइप की। मैंने अभद्रता वाला कुछ नहीं बोला है और उनको कोई व्यक्तिगत रूप से नहीं बोला है।

**रिपोर्टर...**जी...जी ?

**सीईओ...**उनकी गलतफैमी है, क्योंकि मेरी जब उनसे बात हो रही थी, तो मेरे साथ मेरे एसडीओ आरईएस, पीसीओ भी थे उनसे पूछ लें।

**रिपोर्टर...**महिला आयोग में शिकायत हुई इसलिए आपसे भी बात जरूरी बनती है ?

**सीईओ...**हंसते हुए, वो सबूत पेश करे, मैंने गाली दी हो या अपशब्द यूज किए हों।

**रिपोर्टर...**जब कोई बात नहीं तो फिर क्यों शिकायत हुई ?

**सीईओ...**जिला पंचायत अध्यक्ष जी का दौरा था रानीपुरा में..। इनको फील्ड पर जाने के लिए बोला था। मैं बड़ागांव भेला पंचायत साईड था। तो इस कारण मैंने इनसे बोला तो पता नहीं वह गई नहीं। शायद इस कारण हो सकता है। वो ही बता सकती हैं क्या है कारण।

**रिपोर्टर...**यह भी आरोप है कि आप उन्हें ड्राईवर से फोन कराते हैं ?

**सीईओ...**नहीं...नहीं...नेटवर्क देखिए फील्ड पर थे, तो नेटवर्क नहीं था मेरे मोबाईल में, उन्हीं से बोलेंगे न जिनके पास नेटवर्क रहेगा।

## खबर प्रकाशन के बाद जागा सिंचाई विभाग


नहर की साफ-सफाई न होने से किसान आक्रोशित

जल संसाधन विभाग के अधिकारी कर रहे अनदेखी

नहरों के मेंटेनेंस के नाम पर चल रही लापरवाही

नवभारत न्यूज टीकमगढ़/ मोहनगढ़

जिले की मोहनगढ़ तहसील के मानसरोवर तालाब से छोड़ी जाने वाली नहर का पानी कई गांवों में सिंचाई के रूप में किसान खेती के लिए प्रयोग करते है । लेकिन इस साल मोहनगढ़ तालाब से छोड़ी जाने वाली नहर का मेंटेनेंस तो छोड़ो विधिवत रूप से साफ-सफाई तक नहीं कराई गई जिससे किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पहुंच पाने का अंदेशा है। किसानों को अपने खेतों की सिंचाई करने में दिक्कतें खड़ी होती नजर आ रही है जिसका मुख्य कारण नहर की देखरेख और साफ-सफाई न होना है वर्षों से नहरों में मिट्टी के ढेर और अनचाही वनस्पति एवं तमाम गंदगी जमी हुई है जो की पानी की सप्लाई को प्रभावित करती है। साफ तौर पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों की लापरवाही और अनदेखी को यह नहर दर्शाती है। जबकि नहरों की सफाई के नाम पर हर वर्ष आने बाली राशि का जल संसाधन विभाग बंदरवांट करने में लगा हुआ है। किसानों ने नहर की साफ-सफाई कराए जाने की मांग प्रशासन से की है । नहरों की साफ सफाई ना होने से स्थानीय किसानों में आक्रोश देखने को मिल रहा है।

दरअसल सिंचाई विभाग में शासन की ओर से नहरों की साफ-सफाई के लिए लाखों रुपए आवंटित किए जाते हैं जिससे नहरों की साफ-सफाई कर उनका रखरखाव किया जाए।

जिससे किसानों के लिए नहरों में पानी की सप्लाई अवरुद्ध न हो सके। मगर सिंचाई विभाग के अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही के चलते अनुभाग सहित जिले भर की नहरों की कई वर्षों से साफसफाई नहीं कराई गई। जिसके कारण नहरों में अनचाही वनस्पति मिट्टी के ढेर और गंदगी जमा हर वर्ष हो जाती है। यहां तक कि किसानों का आरोप है कि सिंचाई विभाग के कर्मचारियों की अनदेखी के चलते मोहनगढ़, गुलाबपुरा एवं ग्याजीतपुरा गांव में नहर के दोनों किनारों पर लोगों ने अतिक्रमण कर पक्का निर्माण तक कर लिया है।

शासकीय राशि का बंदरवांट करने का आरोप

साफ तौर पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों की लापरवाही और अनदेखी को यह नहर दर्शाती है। जबकि नहरों की सफाई के नाम पर हर वर्ष आने बाली राशि का जल संसाधन विभाग बंदरवांट करने में लगा हुआ है। किसानों ने नहर की साफ-सफाई कराए जाने की मांग प्रशासन से की है। नहरों की साफ सफाई ना होने से स्थानीय किसानों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। किसानों ने बताया कि नहरों के रखरखाव के नाम पर जल संसाधन विभाग के आला अधिकारी शासन से मिलने बाली राशि का बदरवांट कर लेते है।

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। नवभारत समाचार पत्र ने अपने 6 नवंबर के अंक में शीर्षक नहर की साफ-सफाई न होने से किसान आक्रोशित, जल संसाधन विभाग के अधिकारी कर रहे अनदेखी, नहरों के मेंटेनेंस के नाम पर चल रही लापरवाही नामक समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसके बाद जिला प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए जल संसाधन विभाग को इस समस्या की ओर ध्यान देने के लिए निर्देशित किया।**

जिसके परिपालन में शनिवार को जल संसाधन विभाग ने मोहनगढ़ क्षेत्र के मानसरोवर तालाब से छोड़ी जाने वाली नहर की साफ सफाई का कार्य शुरू करा दिया है। दरअसल नवभारत समाचार पत्र ने बीते गुरूवार को अपने प्रकाशित समाचार पत्र में जिले की मोहनगढ़ तहसील के मानसरोवर तालाब से छोड़ी जाने वाली नहर का पानी कई गांवों में सिंचाई के रूप में किसान खेती के लिए प्रयोग करते है का उल्लेख किया था। साथ ही यह भी खबर में बताया गया था कि इस साल मोहनगढ़ तालाब से छोड़ी जाने वाली नहर का मेंटेनेंस तो छोड़ो विधिवत रूप से साफ-सफाई तक नहीं कराई गई जिससे किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पहुंच पाने का अंदेशा है। किसानों को अपने खेतों की सिंचाई करने में दिक्कतें खड़ी होगी।

# पुलिस ने आदिवासियों को बांटे कंबल



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पुलिस की महिला सेल ने मोहनपुरा पंचायत की आदिवासी बस्ती में मानवीय पहल की है। शनिवार को ठंड के मौसम को देखते हुए बच्चों को गर्म कपड़े और महिलाओं को कंबल बांटे।**

एडिशनल एसपी विक्रम सिंह ने बताया कि महिला सेल की टीम ने मोहनपुरा स्थित आदिवासी बस्ती में पहुंचकर जरूरतमंदों की सहायता की। इस दौरान बच्चों को फल भी दिए गए। टीम की ने बच्चों से बातचीत की और उनके सपनों को जानने का प्रयास किया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक टीम को दोबारा आने का आग्रह किया।महिला सेल टीम ने उपस्थित अभिभावकों को बच्चों को शिक्षा का अवसर देने की समझाइश दी। इसका उद्देश्य बच्चों को सशक्त भविष्य की ओर बढ़ने में मदद करना है। उन्होंने बच्चों के माता-पिता से कहा कि बच्चों को नियमित स्कूल भेजने से वे शिक्षक बनेंगे। जिससे आगे चलकर बेहतर जीवन यापन कर सकेंगे।एडिशनल एसपी ने बताया कि पुलिस विभाग की ओर से लगातार इस तरह के अभियान चलाए जाएंगे।

# आज से न्यायोत्सव आयोजन शुरू

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टीकमगढ़ श्रीमती प्रवीणा व्यास एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टीकमगढ़ श्रीमती सुनीता गोयल के मार्गदर्शन में 9 नवंबर से 14 नवंबर तक न्यायोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।**

इसीक्रम में पोर्ट फोलियो जज माननीय श्री डीडी बंसल द्वारा 9 नवम्बर को प्रात: 8 बजे स्थानीय सर्किट हाउस से न्यायोत्सव सप्ताह कार्यक्रम अंतर्गत विविध सेवा दिवस के अवसर पर मैराथन, वॉकथन दौड़ का शुभारंभ करेंगे। ज्ञातव्य है कि मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 9 नवंबर से 14 नवंबर तक न्यायोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत मैराथन, निबंध प्रतियोगिता, स्कूल और कॉलेज में विधिक साक्षरता शिविर, जेल शिविर, और ग्रामीण श्रमिक बस्तियों में विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन होगा। इससे समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को न्याय मिल सकेगा और वे कानून के बारे में साक्षर हो सकेंगे। यह कार्यक्रम 9 नवंबर को विधिक सेवा दिवस पर मैराथन से प्रारंभ होकर 14 नवंबर को बाइक रैली के साथ समाप्त होगा। आज से न्यायोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत होने जा रही है। जिसकी तैयारियां हो चुकी है।

# नगर परिषद ने की प्रेरणादायक पहल




**नवभारत न्यूज जतारा। नगर परिषद् जतारा द्वारा पशु सेवा और स्वच्छता के उद्देश्य से एक अनोखी और प्रेरणादायक पहल की गई है। नगर क्षेत्र की सब्जी मंडी के पास बड़े-बड़े ड्रम रखवा गए हैं जिनमें व्यापारी और नागरिक बची हुई सब्जिया, फल व हरी चारा सामग्री डाल सकेंगे।**

इस व्यवस्था की खास बात यह है कि यह पुराने कबाड़ सामग्री से जुगाड़ कर तैयार की गई है जिससे संसाधनों का पुन: उपयोग करते हुए नगर परिषद ने एक अभिनव उदाहरण प्रस्तुत किया है।इस पहल का मुख्य उद्देश्य है कि मंडी क्षेत्र में फेंकी जाने वाली सब्जियों और फलों को गायों एवं अन्य आवारा पशुओं के भोजन के रूप में उपयोग किया जा सके। इससे जहाँ एक ओर पशुओं को आहार मिलेगा वहीं दूसरी ओर मंडी क्षेत्र में स्वच्छता और व्यवस्था बनी रहेगी। नगर परिषद अध्यक्ष अनुराग सुनील नायक रामजी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी पदम कुमार जैन ने बताया कि यह पहल आगामी स्वछता सर्वेक्षण 2025 अभियान के अंतर्गत शुरू की गई है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि खाने योग्य वस्तुएँ कचरे में न डाले।

## देश भक्ति की भावनाओं को किया जागृत

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय टीकमगढ़ में आज वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरपी शांडिल्य के निर्देशन में विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा वंदे मातरम् गीत का सामूहिक गायन किया गया।**

कार्यक्रम का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को प्रबल करना तथा विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम और सांस्कृतिक गौरव की भावना को जागृत करना था। प्राचार्य डॉ आर पी शांडिल्य ने अपने संबोधन में कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और स्वाधीनता आंदोलन की प्रेरणा है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# सर्द हवाओं के चलते बढ़ रही ठंड

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पिछले 48 घंटों से चल रही सर्द हवाओं के कारण ठंड बढ़ गई है। बीते 24 घंटों के दौरान दिन और रात के तापमान में एक-एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है।**



शुक्रवार को अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले गुरुवार को अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस था। दिन में अच्छी धूप निकलने के बावजूद शाम होते ही तापमान में तेजी से गिरावट आती है। भू अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 16.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। बुधवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रहा। न्यूनतम तापमान मंगलवार के 16.8 डिग्री सेल्सियस से घटकर शुक्रवार रात को 13 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है। मौसम साफहोने और दिन में धूप निकलने से रबी फसलों की बुवाई का काम तेजी से चल रहा है। उम्मीद है कि अगले 8 से 10 दिनों में पूरे जिले में रबी फसलों की बुवाई पूरी हो जाएगी। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों के दौरान दिन का तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास और रात का तापमान 10 से 11 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना जताई है। चल रही सर्द हवाओं के कारण ठंड बढ़ गई है। बीते 24 घंटों के दौरान दिन और रात के तापमान में एक-एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की।

# कर्मचारी एवं छात्रों ने उत्साह के साथ मनाया कार्यक्रम

**150 वर्ष पूर्ण होने पर किया गया गायन**

**स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों को जागृत करने का प्रयास**

**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के गौरवशाली अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र केव्हीके टीकमगढ़ द्वारा शक्रवार को भव्य सामूहिक गायन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में केंद्र के समस्त वैज्ञानिकों, कर्मचारियों, और छात्रो ने पूरे उत्साह और देशभक्ति के जज्बे के साथ भाग लिया।**




राष्ट्रगीत का गायन उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का पूर्ण गायन किया, जिससे पूरे परिसर में देशभक्ति की लहर दौड़ गई। केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुखडॉ. बीएस किरारने इस अवसर पर कहा कि यह आयोजन केवल एक गीत का स्मरण नहीं है, बल्किराष्ट्र की एकता, गौरव और स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों के प्रति हमारी सामूहिक चेतना को जागृत करने का प्रयास है। उन्होंने रावे छात्रो को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार यह गीत राष्ट्र को समर्पित है, उसी प्रकार हमें अपनी कृषि और मातृभूमि के प्रति समर्पण भाव रखना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों कोस्वदेशी उत्पादों को अपनाने और स्थानीय कृषि को बढ़ावा देने कासामूहिक संकल्प भी दिलाया गया। इस सत्र में कृषि विज्ञान केंद्र, टीकमगढ़ के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीएस किरार के साथ-साथ वैज्ञानिक डॉ. आरके प्रजापति, डॉ. एसके सिंह, डॉ. युएस धाकड, डॉ. सतेन्द्र कुमार, डॉ. एसके जाटव, डॉ. आईडी सिंह, हंसनाथ खानएवं जयपाल छिगरहा ने राष्ट्र गीत को राष्टीय एकता में एक प्रभावी माध्यम बनाने के विभिन्न पहलुओं पर अपना बहुमूल्य अनुभव साझा किया। प्रेरणा और संदेश इस कार्यक्रम के माध्यम से कृषि विज्ञान केंद्र ने क्षेत्र के कृषक समुदाय को राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने तथा देशभक्ति और कृषि के प्रति समर्पण का संदेश दिया। यह सामूहिक गायन कार्यक्रम 7 नवम्बर, 2025 से 7 नवम्बर, 2026 तक एक वर्ष तक देशव्यापी कार्यक्रम राष्ट्रीय स्मरणोत्सव का एक हिस्सा है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रगीत के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है।

**बैठक** एसआईआर पुनरीक्षण के कार्य को गति देने के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने निकायों के बीएलओ के साथ की चर्चा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य जारी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक लेकर नगरीय निकाय के सभी बीएलओ को सुव्यवस्थित ढंग से विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के बारे में विस्तार से जानकारी दी।साथ ही उनकी शंकाओं व जिज्ञासाओं का समाधान किया।**



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री श्रोत्रिय ने कहा जिले में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य सुव्यवस्थित एवं पारदर्शिता से कराया जाये। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने मतदान क्षेत्रों में घर-घर जाकर सत्यापन करें और मतदाता सूची में आवश्यक सुधार करें। उन्होंने कहा कि 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक सभी बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रक वितरित एवं एकत्रित करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष की मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं को वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज या तो स्वयं का या अपने दादा दादी, माता पिता के नामों का मिलान कराना अनिवार्य है। मिलान नहीं कराये जाने पर प्रारूप मतदाता सूची में से मतदाता का नाम काट दिया जायेगा। अत: असुविधा से बचने के लिये मिलान का कार्य अवश्य करायें। श्री श्रोत्रिय ने कहा कि बीएलओ राजनैतिक दलों के बीएलए, बॉलेन्टियर, स्वयंसेवक, जागरूक मतदाताओं का सहयोग लेकर मतदान केन्द्र में गणना पत्रकों के बांटने, बापिस लेने तथा मतदाता सूची के मिलान का कार्य करें। उन्होंने कहा कि बीएलओ एक निश्चित समय तय कर अपने मतदान केन्द्र में जाकर बैंठे तथा मतदाताओं से चर्चा करें और मतदाता सूची के मिलान का कार्य करें। उन्होंने कहा कि नव नियुक्त बीएलओ तथा अन्य बीएलओ भी जिन्हें अभी क्षेत्र की पहचान नहीं है वे अपने क्षेत्र के पटवारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं अन्य स्थानीय शासकीय कर्मचारियों का सहयोग लें। कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने कहा कि वर्ष 2025 की मतदाता सूची तथा वर्ष 2003 की मतदाता सूची में मतदान केन्द्रों में अंतर हो सकता है।

**लापरवाही करने पर होगी कार्यवाही**

कलेक्टर ने कहा कि एसआईआर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी महत्वपूर्ण कार्य है, इसमें लापरवाही पाये जाने पर आयोग द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी, अत: संबंधित सभी अधिकारी-कर्मचारी आपसी सामन्जस्य स्थापित कर बारीकी से जांच करते हुये एसआईआर कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करें।उन्होंने बताया कि अब मतदाता भी आसानी से मोबाइल ऐप या वेबसाइट के माध्यम से अपना नाम जोड़ने या सुधार कराने का आवेदन कर सकते हैं।

## घर-घर जाकर दिए जा रहे गणना पत्र

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर 2025 का कार्य किया जा रहा है। निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना पत्र देना, प्राप्त करने का कार्य किया जा रहा है।**

इसीक्रम में एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे द्वारा भाग संख्या एक से 30 तक विधानसभा क्षेत्र-44 जतारा के मतदान केन्द्रों पर जाकर एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया गया और बीएलओ को आवश्यक निर्देश दिये गये। ज्ञातव्य है कि निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम अंतर्गत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना पत्र दिए जा रहे है।

## भारत माता के प्रति दिखी अटूट श्रद्धा




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के पावन अवसर पर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में पुलिस लाइन परिसर टीकमगढ़ में एक भव्य एवं भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के युवा, खिलाड़ी, छात्र-छात्राएँ तथा जिला पुलिस बल के अधिकारी-कर्मचारी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम में भारत माता के प्रति अटूट श्रद्धा दिखाई दी।**

कार्यक्रम की शुरुआत 'राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से हुई। इस दौरान परिसर देशभक्ति की भावना से गूंज उठा। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने अपने प्रेरक संबोधन में राष्ट्रीय गीत के ऐतिहासिक महत्व, इसकी उत्पत्ति, तथा स्वतंत्रता संग्राम में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत माता के प्रति हमारी अटूट श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक है।